-

भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग/MINISTRY OF FINANCE, DEPT OF REVENUE
कार्यालय आयुक्त सीमा शुल्क (निवारक), जोधपुर
OFFICE OF THE COMMISSIONER OF CUSTOMS (P), JODHPUR
मुख्यालय नव केन्द्रीय राजस्व भवन, स्टेच्यू सर्किल, जयपुर – 302005
HQRS: NCRB, STATUE CIRCLE, JAIPUR 302005

सार्वजनिक सूचना संख्या 07/2023 दिनांक 11.10.2023

वर्ष 2024 लिए सीमा शुल्क ब्रोकर लाइसेंसिंग परीक्षा मार्च -2024राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नार्कोटिक्स अकादमीद्वारा पूरे भारत में निर्दिष्ट परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी|

सम्पूर्ण आवेदन, फॉर्म –A(सीबीएलआर, 2018 में उपलब्ध) व्यक्तिगत रूप से या पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा दो पासपोर्ट आकार के फोटो और नागरिकता (आधार/पासपोर्ट/वोटर कार्ड), शैक्षिक योग्यता के स्वप्रमाणित दस्तावेजों के साथ आयुक्त सीमा शुल्क (निवारक) (जोधपुर) आयुक्तालय, नव केंद्रीय राजस्व भवन, स्टेचू सर्किल, जयपुर, को दिनांक 18.10.2023 से 17.11.2023 तक शाम 06:00 बजे तक वित्तीय व्यवहार्यता, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी और अन्य आवश्यकताओं के साथ निर्धारित शुल्क रु. 500/- (पांच सौ रुपये मात्र) के साथ जमा किया जाना है| अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने पर डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

ऑनलाइन लिखित परीक्षा, ढाई घंटे (10:30 बजे से 13:00 बजे) की अवधि की बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू) के साथ कंप्यूटर आधारित परीक्षा होगी। प्रश्न द्विभाषी यानी अंग्रेजी और हिंदी में होंगे। परीक्षा का पैटर्न इस प्रकार होगा:-

प्रश्नों की संख्या	:	150
अंकन योजना	:	+3 प्रत्येक सही उत्तर के लिए
		-1 प्रत्येक गलत उत्तर के लिए
अधिकतम अंक	:	450
न्यूनतम योग्यता अंक:		270 (60%)

परीक्षा का पाठ्यक्रम संशोधित सीमा शुल्क ब्रोकर लाइसेंसिंग विनियम, 2018 के विनियम 6(7) में निर्धारित है। उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण होने वालों को उक्त विनियमों के विनियम 6 के अनुसार मौखिक परीक्षा में शामिल होना होगा

मौखिक परीक्षा कैलेंडर वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के दौरान आयोजित की जाएगी। मौखिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए उत्तीर्ण प्रतिशत अंक 60% होंगे।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, विकलांग व्यक्तियों (दिव्यांगजन) के सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिनांक 29.08.2018 को जारी दिशानिर्देशों और बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों से संबंधित सीबीआईसी द्वारा दिनांक 10.10.2018 के पत्र के माध्यम से प्रसारित दिशानिर्देशों की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है। इसके द्वारा यह सलाह दी जाती है कि पात्र उम्मीदवार जो बेंचमार्क विकलांगता के इस मानदंड को पूरा करते हैं और इन दिशानिर्देशों का लाभ उठाने के इच्छुक हैं, उन्हें अपनी पात्रता और इच्छा के बारे में दस्तावेजी साक्ष्य के साथ उचित रूप से सूचित करना चाहिए, ताकि परीक्षा आयोजित करने वाले प्राधिकारी एवम इसकी सहयोगी एजेंसियाँ। द्वारा आवश्यक व्यवस्था की जा सके |

उम्मीदवारों की जागरूकता के उद्देश्य से एक डमी प्रश्न पत्र फरवरी-2024 से सीबीआईसी(CBIC) और नासीन(NACIN) वेबसाइट,www.cbic.gov.in और www.nacin.gov.in पर आइकन/टैब <GSTP/CBLR EXAM>के तहत उपलब्ध कराया जाएगा। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने का लिंक भी उसमें दिया जाएगा। पात्र आवेदकों को परीक्षा की तारीख से 12 दिन पहले ई-मेल द्वाराभी प्रवेश पत्र भेजा जाएगा। उम्मीदवारों की सुविधा के लिए अन्य आवश्यक विवरण जैसे केंद्रों की सूची, उम्मीदवारों के लिए दिशानिर्देश, हेल्प डेस्क, ई-मेल आईडी आदि भी उक्त आइकन/टैब के अंतर्गत उपलब्ध कराया जाएगा।

Signed by
Sugrive Meena
(सुग्रीव मीणा)
Date: 17-10-2023 13:38:05

I/1482155/2023

आयुक्त

प्रति – 1. उप / सहायक आयुक्त सिस्टम को विभागीय वेबसाइट पर डिस्प्ले वास्ते ।
2. सी. एच. ए. संघ को ईमेल वास्ते ।